हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 14 मार्च 2026



## खबर संक्षेप

### 15 को सोनारपारा में होली मिलन समारोह

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी एवं आकाश शर्मा एवं दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि आगामी 15 मार्च को सुबह 9 बजे अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ की होली मिलन समारोह सोनारपारा स्थित राम जानकी बाला बाबा मंदिर में रखा गया है।

मार्गदर्शन के लिए अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी, राष्ट्रीय सचिव लाल जेके वैष्णव, प्रदेश संयोजक सोरभ निर्वाणी, प्रदेश अध्यक्ष नवागढ़ के महंत सुरेन्द्र दास, प्रदेश सचिव डोमन महराज, जिला मंडलेश्वर राज दुबे, सतिश तिवारी, निखिल वैष्णव उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी एवं जिला सचिव ज्ञानेश्वर तुषार मिश्रा ने दी।

## माय एंगल




# काम में लापरवाही, एसआई-सिपाही सस्पेंड

■ बच्ची गुम होने के मामले में गंभीरता नहीं दिखाने पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गुरुवार को शहर में एक बच्ची के गुम होने के मामले में गंभीरता नहीं दिखाए जाने पर महिला थाना की प्रभारी एसआई सहित कोतवाली थाना के आरक्षक को सस्पेंड कर दिया गया है। इसके अलावा कोतवाली प्रभारी का भी बदलाव कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर को एक बच्ची अपने परिजन से बिछड़ गई थी। जिसके बाद उस बच्ची को दो युवकों द्वारा महिला थाना एवं कोतवाली थाना लेकर जाया गया था। इस दौरान यहां उपस्थित महिला थाना प्रभारी एसआई श्रीमती गीतांजलि सिन्हा एवं कोतवाली थाना के आरक्षक चंद्रेश सिन्हा के पास शिकायत की गई, लेकिन उन्होंने गंभीरता नहीं दिखाई। जिसके चलते एसपी अंकिता शर्मा ने दोनों को सस्पेंड कर दिया है। इसके अलावा कोतवाली प्रभारी रहे निरीक्षक नंदकिशोर गौताम का भी बाघनदी तबादला कर दिया गया है। उनकी जगह बाघनदी थाना प्रभारी रहे निरीक्षक मिलन सिंह को कोतवाली का जिम्मा सौंपा गया है।

# मासूम को परिजनों से मिलाने पर सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



दो युवाओं ने गुम हो गई मासूम को उसके परिजनों तक पहुंचाने में मानवता का परिचय दिया। इस कार्य के लिए जिला पुलिस ने दोनों युवाओं को उनके कार्य के लिए सम्मानित किया है।

पुलिस के अनुसार कल दोपहर लगभग 2 बजे अरशद खान एवं राजा खान को बाजार क्षेत्र में लगभग डेढ़ वर्ष की एक बालिका रोते हुए और अकेले भटकते हुए दिखाई दी। दोनों युवकों ने तुरंत मानवीय संवेदनशीलता दिखाते बच्ची को अपने साथ लिया, उसे शांत कराया और उसकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा। इसके बाद उन्होंने चिखली थाना में पदस्थ आरक्षक से जानकारी प्राप्त कर चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 पर संपर्क किया तथा बच्ची को विधिवत रूप से चाइल्ड वेलफेयर टीम के सुपुर्द कर दिया। रात्रि में पुलिस द्वारा बच्ची के परिजनों की जानकारी प्राप्त होने पर बच्ची का आवश्यक चिकित्सीय परीक्षण कराया गया और उसके बाद बच्ची को सुरक्षित रूप से उसके माता-पिता के सुपुर्द किया गया।

### दो युवक हुए एसपी के हाथों सम्मानित

इस सराहनीय और मानवतापूर्ण कार्य के लिए एसपी अंकिता शर्मा एवं एएसपी कीर्तन राठौर द्वारा राजनांदगांव पुलिस की ओर से अरशद खान और राजा खान को सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। पुलिस ने कहा कि ऐसे मानवीय कार्य समाज में संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं तथा अन्य लोगों को भी जरूरतमंदों की मदद के लिए प्रेरित करते हैं।

**Dr. Kumud Mohabey Memorial Hospital, Rajnandgaon**

**Requirement**

| | | |
|---|---|---|
| 1. **Supervisor** | ( Post-1) | Graduate with Computer Knowledge |
| 2. **Billing Staff** | ( Post-1) | Graduate with Computer Knowledge |
| 3. **Cleaning Staff** | (Post-4) | 10th Pass and Must Read Hindi and English |

Contact – 6232021010
Email- manager@mohabeyhealthcare.in

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) मां मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एंड न्यूरोकेयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
आज शनिवार को उपलब्ध

| | |
|---|---|
| एंडोक्रिनोलोजिस्ट सुपरस्पेशलिस्ट परामर्श | न्यूरो रोग परमर्श |
| डॉ. रजत देब | डॉ. सुशांत |
| DM Endocrinologist, MD Medicine | MBBS, DNB (Neorology) |
| प्रत्येक शनिवार समय सुबह 10 से 2 बजे तक | प्रत्येक शनिवार समय सुबह 11 से 4 बजे तक |
| रोग/लक्षण वाले मरीज अवश्य संपर्क करें:- | रोग/लक्षण वाले मरीज अवश्य संपर्क करें:- |
| हाई कोलेस्ट्रॉल, पुरूषों के स्तन वृद्धि, बच्चों में छोटा कद, मोटापा, महिलाओं के चेहरे में अधिक बाल | लकवा (स्ट्रोक), पार्किंसंस, साइटिका, रीड की हड्डी की तकलीफ, मस्तिक ज्वर, ब्रेन एवं नसों से संबंधित समस्याएं |

आयुष्मान भारत कार्ड | ESIC/CGHS
राज्य शासन के कर्मचारी एवं आश्रितों के लिए एकमात्र अस्पताल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)
संपर्क नंबर: 07744-299988/82699-24365/88279-24365



## खबर संक्षेप

### होली मिलन आज

**डोंगरगांव।** कुंभकार समाज द्वारा कल 14 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम कुंभकार पारा में सुबह 10 बजे से रखा गया है। आयोजकों ने नागरिकों ने कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### साहू को चिंचुरा विस की जिम्मेदारी

**जालबांधा।** भाजपा के सक्रिय



कार्यकर्ता जयप्रकाश साहू को पश्चिम बंगाल के चिंचुरा विधानसभा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्री साहू लंबे समय से संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वर्तमान में वह जिला भाजपा के जिला संयोजक सोशल मीडिया का दायित्व संभाल रहे हैं। वह कालेज में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष हैं।

### पेंशनर्स का होली मिलन समारोह आज

**अंबागढ़ चौकी।** पेंशनर्स का जिला स्तरीय सम्मेलन एवं होली मिलन समारोह जिला मुख्यालय मोहला में कल 14 मार्च को रखा गया है। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष पूर्णानंद नेताम एवं अंबागढ चौकी तहसील अध्यक्ष सीआर देवांगन ने बताया कि सम्मेलन में प्रांताध्यक्ष यशवंत देवान मुख्य अतिथि होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक इन्द्रशाह मंडावी, सरपंच गजेन्द्र पुरामे, प्रांतीय उपाध्यक्ष ए कुजुर, नरेन्द्र देशमुख, जिला संरक्षक एचएल शेंडे शामिल होंगे।

### थाना दिवस पर कानून व्यवस्था पर चर्चा




**साल्हेवारा।** स्थानीय थाना परिसर में गुरुवार थाना दिवस का आयोजन गरिमामय माहौल में किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा एवं पुलिस महानिरीक्षक बालाजी राव शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने जनसमुदाय को अपराध, कानून व्यवस्था तथा सुरक्षा से जुड़े विषयों के बारे में विस्तार से बताया। लोगों से अपील की गई कि वह समस्या या शिकायत को पुलिस के सामने रखें ताकि समाधान किया जा सके। उक्त मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि थाना दिवस का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना है, जिससे कानून व्यवस्था अधिक मजबूत हो सके। उन्होंने लोगों से अपराध की जानकारी तुरंत देने और समाज में शांति बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। इस दौरान सभी लोगों को बैग दिया गया।

### ट्रक ने पिकअप को मारी टक्कर

**बांधाबाजार।** एक ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क किनारे खड़ी पिकअप का टक्कर मार दिया। जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक G 05 डी 1711 के चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं कर पाया और ट्रक सीधे पिकअप से टकरा गया। इस दुर्घटना में पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है तथा उसमें रखे सामान को भी नुकसान पहुँचा है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग एकत्र हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुँचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

### कांग्रेस का सम्मान समारोह आज

**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी का सम्मान एवं होली मिलन का कार्यक्रम कल 14 मार्च को करेला भंडारपुर भवानी मंदिर प्रांगण में रखा है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक, प्रदेश, जिला, ब्लाक पदाधिकारी, पंचायत एवं निकाय के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

# लंबे इंतजार के बाद रौशन हुए बैगा बाहुल्य ग्वालगुंडी, कल्लेपानी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया**

जिले में कुछ गांव ऐसे हैं जो अब तक बिजली की सुविधा से वंचित थे। यहां के बाशिंदे अभावों के बीच जीवन बसर कर रहें है। अब सरकार की योजना के बदौलत ऐसे गांव में विकास की झलक देखने को मिल रही है। प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत जिले के अंतिम झोर पर बसे बैगा बाहुल्य गांवों की तस्वीर अब बदल रही है। बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ आदि से वंचित यहां के लोगों को सभी सुविधाएं मिलने लगी है। गौरतलब है कि वनांचल के ग्वालगुंड़ी, कल्लेपानी गांव बिजली से रौशन हुए हैं। जन मन योजना के तहत यहां बिजली पहुंचने से खुशी की लहर है। गुरुवार को जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, निजामी ने जिले के अंतिम छोर के गांव ग्वालगुंडी, कल्लेपानी, सिंगबोर, गाताभर्री और निजामडीड पहुंच कर बैगा आदिवासी परिवारों से मुलाकात कर योजना का लाभ, विकास और गति की जानकारी लिया। सरकार की जनकल्याणकारी योजना से वाकिफ करा कर अधिक से अधिक लाभ लेने प्रेरित किया।

## जन मन योजना से बदल रही तस्वीर

### शिक्षा व्यवस्था का विकास

क्षेत्र के गाताभर्री, निजामडीह में प्राथमिक स्कूल तो खोला गया था परन्तु खुद का भवन नहीं था। जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिला प्रतिनिधि के प्रयास से दोनों गांव में भवन के लिए साढ़े 11 लाख की स्वीकृति मिल गई है। दोनों स्कूल में दो- दो शिक्षक नियुक्त हैं जो बैगा परिवार के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने प्रयासरत हैं।



### बन रही पक्की सड़क

वनांचल के इन आधा दर्जन गांव में पहुंचने के लिए अब तक पक्की सड़क नहीं थी जिससे यहां के रहवासीयों को सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा था। जन मन योजना के तहत अब इन गांवों में पहुंचने के लिए सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। आने वाले कुछ माह में पक्की सड़क की सौगात मिल जाएगी। खराब रास्ता के कारण यहां के लोगों को अब तक चिकित्सा सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा था। अब इन गांवों में रोज एम्बुलेंस पहुंच रही है जो मरीजों की जांच तथा सामान्य बीमारी का उपचार मौके पर कर रही है।

## सिलेंडरों के दुरूपयोग पर प्रशासन की नजर नहीं

# होटलों और ढाबों में बेरोकटोक हो रहा घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव**

कमर्शियिल सिलेंडरों की सप्लाई बंद होने के बाद शहर की होटल, रेस्टॉरंट और ठेलों गुमटी में घरेलू सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा है। रसोई गैस के संकट को देखते हुए आने वाले कुछ दिनों ने इन प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि युद्ध के कारण देशभर में रसोई गैस का संकट गहरा गया है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने शहरी उपभोक्ताओं को 25 दिन और ग्रामीणों को 45 दिन में सिलेंडर देने का निर्णय लिया है। वहीं व्यवसायिक सिलेंडरों की सप्लाई पूरी तरह बंद हो गई है जिसके बाद से शहर सहित आसपास में संचालित होटल, रेस्ट्रारेंट और ठेलो खोमचों में घरेलू सिलेंडरों को बेरोकटोक उपयोग किया जा रहा है जिससे आने वाले दिनों में घरेलू उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। पता चला है कि प्रशासन ने सिलेंडरों के बेजा उपयोग पर रोक लगाने के निर्देश जारी कर दिए है जिसके तहत राजस्व और खाद्य विभाग का अमला आने वाले कुछ दिनों में अभियान चलाकर कार्रवाई कर सकता है। उल्लेखनीय है कि बहुसंख्यक होटल, रेस्टारेंट में अब तक व्यवसायिक सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है वहीं ठेलों खोमचे वाले घरेलू सिलेंडर का उपयोग करते रहे है। उपयोग पर रोक लगने के बाद व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित होने की आशंका है।

## घरेलू उपभोक्ताओं को होना पड़ेगा परेशान



### दाम घटाए सरकार

रसोई और व्यवसायिक गैस सिलेंडर के दाम में की गई वृद्धि पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कांग्रेस नेत्री श्रुति शुक्ला ने कहा कि पहले से मंहगाई से परेशान जनता पर बोझ डालना सरासर अन्याय है। उन्होंने कहा कि सरकार ने रसोई गैस के दाम में की वृद्धि को तत्काल वापस लेना चाहिए।

### विकल्प की तलाश में उपभोक्ता

संकट के और गहराने के बाद की स्थिति से निपटने के लिए लोग विकल्प की तलाश में है। बीते दो- तीन दिनों में इंडक्शन की मांग बढ़ने की खबर है वहीं गरीब तबके के उपभोक्ता सिगड़ी और चूल्हा को विकल्प के तौर पर देख रहे है।

# रायपुर में प्रियांकी सहित तीन का हुआ सम्मान



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव**

रायपुर में बीते दिनों सुरक्षित पारा, सुरक्षित लइकामन कार्यक्रम अंतर्गत कार्यशाला एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डैशबोर्ड तथा आज मौका है पोस्टर का विमोचन उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस भारथीदासन, उच्च शिक्षा आयुक्त संतोष देवांगन, अशोक श्रोती, अभिषेक सिंह, चेतना देसाई तथा डॉ. नीता बाजपेई शामिल हुई। कार्यक्रम में जनपद क्षेत्र की 5 ग्राम पंचायतों को चयनित किया गया जहां बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य हेतु स्वच्छता, पोषण, टीकाकरण, गुड टच- बैड टच, नशा मुक्ति, पौधरोपण आदि विषयों पर जन जागरूकता कार्यक्रम स्वयंसेवकों ने संचालित किया था। इस मौके पर आयोजित सम्मान समारोह में रासेयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशाराम साहू, प्रियांकी गजभिए, स्वयंसेवक आकाश बोरकर को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ एके धमगाए , जिला संगठक रासेयो मोनिका दास ने उन्हे बधाई दी है।

### प्रमाण पत्र नहीं बनने से ग्रामीण परेशान

**खड़गांव।** ग्राम के लोगों को इन दिनों जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने के लिए काफी मशक्कत करना पड़ रहा है। क्षेत्र में इन दिनों शासन के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। नियमानुसार जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र बहुत ही आसानी से बनाया जा सकता है लेकिन हकीकत कुछ और ही है जिसका ताजा उदाहरण खडगांव में देखने मिल रहा है। ग्राम के पंच ने बताया कि जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने के लिए ग्रामवासियों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है फिर भी समय नी जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र नहीं बन रहा है। जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र पंचायत में पदासीन अधिकारी की आई डी बनाया जाता है लेकिन पंचायत के पदासीन अधिकारी अपने काम से पल्ला झाड़ रहे हैं और अपनी जिम्मेदारी ठे जनप्रतिनिधि पर डाल रहे हैं। जब लोग बड़े अधिकारी के पास जाते है तो खानापूर्ति करते हुए आश्वासन दिया जाता है। काफी परेशान करने के बाद साफ कह दिया जाता है कि जन्म ण और मृत्यु प्रमाणपत्र बनना हमारा काम नहीं है। पंच ने बताया कि जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनने से बच्चों को परेशानी हो रही है। पंच ने बताया कि प्रमाण पत्र बनाने के लिए आगामी सात दिनों का समय दिया गया है इस अवधि में प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया तो कलेक्टर से शिकायत की जाएगी।

### 80 वर्षीय दिव्यांग को मिला श्रवण यंत्र



**मोहला।** कलेक्टर कार्यालय में समाज कल्याण विभाग की सहायक उपकरण प्रदाय योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत सोमटोला के 80 वर्षीय मांझी समाज के प्रमुख महाजन अठभैया को श्रवण यंत्र एवं वॉकिंग स्टिक प्रदान किया गया। यह सहायक उपकरण जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह एवं कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने प्रदान किया। इस दौरान जिपं अध्यक्ष श्रीमती सिंह ने कहा कि शासन की योजनाओं का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक सहायता पहुंचाना है, विशेषकर दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस प्रकार की योजनाएं महत्वपूर्ण हैं। श्रवण यंत्र और वॉकिंग स्टिक मिलने से श्री महाजन अठभैया ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रशासन का आभार प्रकट किया। जानकारी के अनुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा अब तक 1 हजार से अधिक दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को विभिन्न सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग प्रदान किया गया है। इन उपकरणों में श्रवण यंत्र, ट्राइसाइकिल, बैसाखी, व्हीलचेयर, वॉकिंग स्टिक सहित अन्य शामिल हैं।

# नहर पार से सफर करने मजबूर ग्रामीण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया**

विकास के दावों के बीच एक सच्चाई यह भी है कि अब भी कुछ गांव ऐसे हैं, जहां सड़क जैसी सुविधा नहीं हैं। ग्राम पंचायत खैरबना के आश्रित ग्राम गुमानपुर के ग्रामीण नहर के सहारे गांव तक पहुंचने मजबूर हैं। यहां के ग्रामीण लंबे समय से पक्की सड़क का सपना देख रहे है। एक हजार आबादी वाले इस गांव में पहुंचने के लिए अब तक सड़क नहीं बन पाई है। ग्रामवासी कई दफा जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों से पक्की सड़क की मांग कर चुके है पर किसी से ध्यान नहीं दिया। नहर पार का रास्ता गड्ढो से भरा है। लगभग एक किलोमीटर की नहर पार पर सैकड़ों छोटे बड़े गड्ढे है जो कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते है। इस रास्ते पर कई दफा घटना घट चुकी है। बरसात के दिनों यह मार्ग जानलेवा हो जाता है। गड्ढो में पानी भरे रहने से वाहन चालक को गड्ढे का अंदाजा नहीं रहता और हादसे का शिकार हो जाते हैं। नहर का खाई नुमा गड्ढा लोगों को हमेशा परेशानी में डाला रहता है।



### सड़क की मांग होगी पूरी

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार ने कहा कि सरकार प्रत्येक गांव में सुविधा विकास पर जुटी है। ग्रामीणों की मांग जायज और सड़क बनना आवश्यक है। लोगों की सुविधा को ध्यान में रखकर सड़क निर्माण कराया जाएगा।

### वन विभाग की अनुमति नहीं

ग्रामीणों ने बताया कि तीन साल पहले गुमानपुर से कुकुरमुड़ा चौक तक सड़क बनने का प्रस्ताव पास हो गया था। प्रस्तावित सड़क वन भूमि से गुजर रही थी। वन विभाग से अनुमति नहीं मिलने के कारण निर्माण स्थगित हो गया। ग्रामीणों ने मांग किया है वन विभाग की सहमति से लोगों की समस्या को ध्यान में रखकर यहां के ग्रामीणों को पक्की सड़क की सौगात मिल जाती है तो गांव के विकास को गति मिलने की संभावना है।

## सुविधाओं का होगा विस्तार

# शहर के मुक्तिधाम का होगा कायाकल्प, 25 लाख मंजूर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबागढ़ चौकी**

शिवनाथ नदी के तट पर स्थित मुक्तिधाम की तस्वीर अब जल्द ही बदलते हुए नजर आएगी। वर्तमान में नगर पंचायत अध्यक्ष निधि से मुक्तिधाम का सौंदर्यीकरण कार्य प्रगति पर है। अध्यक्ष निधि से रंग रोंगन, पेयजल तथा बैठक व्यवस्था सुदृढ किया जा रहा है। वही राज्य शहरी विकास अभिकरण ने मुक्तिधाम के उन्नयन के लिए 25 लाख की मंजूरी दी है जिससे मुक्तिधाम का काफी हद तक सुधार होगा।

जानकारी के अनुसार लंबे प्रयास के बाद राज्य शहरी विकास अभिकरण ने मुक्तिधाम के विकास के लिए 2 मार्च को 25 लाख की मंजूरी दी है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बताया कि पहले निकाय की ओर से नगर के मुक्तिधाम के विकास के लिए दो करोड का प्रस्ताव भेजा गया था लेकिन अभिकरण के निर्देश पर 39 लाख का प्रस्ताव भेजा गया था। अभिकरण ने 25 लाख की मंजूरी दी है।



### अन्य के जीर्णोद्धार का प्रस्ताव

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बताया कि शिवनाथ मुक्तिधाम के अलावा वार्ड एक व दो मेरेगांव तथा वार्ड 6 व 7 कान्हे स्थित मुक्तिधाम के उन्नयन के लिए भी प्रस्ताव भेजा गया है। इसके अलावा कृष्ण कुंज पांगरी मार्ग में एसएलआरएम सेंटर के पीछे स्थित कब्रिस्तान में आहाता निर्माण, पेयजल सुविधा तथा अन्य कार्य का प्रस्ताव भेजा गया है। इसके अतिरिक्त मुस्लिम कब्रिस्तान व इसाई कब्रिस्तान में विभिन्न सुविधाओं के लिए राशि की मांग की गई है।

### नववर्ष पर निकलेगी प्रभातफेरी



**डोंगरगढ़।** चैत नवरात्रि और हिन्दू नववर्ष को लेकर महावीर मंदिर प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्व हिन्दू संगठन के तत्वावधान में 15 से 19 मार्च तक प्रतिदिन प्रातः 5.30 बजे प्रभातफेरी अलग अलग मंदिर से निकालने का निर्णय लिया गया। आगामी 19 मार्च को संध्या 6 बजे श्री राम मंदिर जयस्तंभ चौक में हनुमान चालीसा का पाठ, महाआरती एवं प्रसादी वितरण किया जाएगा। आयोजकों ने महिलाओं, युवाओं सहित अन्य सभी से कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है। वहीं विहिप, बजरंग दल ने हिन्दू के घर पर भगवा ध्वज लगाने, हर घर मे रंगोली बनाने और शाम 5 बजे दीपक जलाने की अपील की है।

### जिला स्तरीय कर्मा जयंती समारोह 15 को

**छुईखदान।** दुबेलिया तेली साहू समाज द्वारा जिला स्तरीय भक्ति माता कर्मा जयंती कार्यक्रम, शोभायात्रा एवं रक्तदान शिविर का आयोजन आगामी 15 मार्च को मंगल भवन टिकरीपारा में किया गया है। समाज के सहसचिव सीआर साहू ने बताया कि कार्यक्रम में सामाजिक जनों की उपस्थिति सुनिश्चित करने गांव-गांव में बैठक आयोजित कर प्रचार किया जा रहा है। कार्यक्रम भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना एवं आरती के साथ प्रारंभ होगा। तत्पश्चात शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा जय स्तंभ चौक, बस स्टैंड, बाजार लाइन ,जैन मोहल्ला होते हुए वापस मंगल भवन टिकरीपारा पहुंचेगी। यहां समाज के पदाधिकारी भक्त माता कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डालेंगे।

**कार्यालय, ग्राम पंचायत देवरी**
**जपं खैरागढ़, जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)**

क्रमांक /बाजार नीलामी वर्ष 2026-27, दिनांक 12/03/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सत्र 2026/27 के लिए ग्राम पंचायत अंतर्गत आने वाले साप्ताहिक बाजार की नीलामी सोमवार दिनांक 23/03/2026 को दोपहर 01 बजे ग्राम पंचायत द्वारा बैठक मे पारित प्रस्ताव अनुसार किया जाना है, जिसकी नीलामी कार्यालय भवन में नियमानुसार होगी।

1. **साप्ताहिक बाजार** **अमानत राशि 20,000/-रूपए**

इच्छुक बोलीकर्ता अमानत राशि जमा कर नीलामी बोली मे शामिल हो सकते है, नीलामी को लेकर नियम व शर्तो का अवलोकन कार्यालयीन समय में सूचना पटल पर किया जा सकता है।

**सुश्री नाजनीन नियाज़ी** — सचिव
**श्रीमती गंगोत्री वर्मा** — सरपंच







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### 8वीं के विद्यार्थियों को दी गई बिदाई

**राजनांदगांव।** माध्यमिक शाला



सांगिनकछार के कक्षा 6वीं और 7वीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 8वीं के विधार्थियों को भावभीनी बिदाई दी गई। इस अवसर पर माध्यमिक शाला सांगिनकछार के प्रधान पाठक पदमनी साहू और प्राथमिक शाला सांगिनकछार के प्रधान पाठक केतकी साहू, शिक्षक भेखराम मंडावी, घनाराम पटेल और चंदूलाल साहू की ओर से बच्चों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं व आशीर्वाद प्रेरित की गई।

### अफीम की अवैध खेती पर पीएम को लिखा पत्र

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट



अभिमन्यु उदय मिश्रा ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में हाल ही में पकड़ी गई अवैध अफीम की खेती के मामलों को लेकर केंद्र सरकार और प्रदेश की भाजपा सरकार पर गंभीर सवाल खड़े करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर उच्चस्तरीय जांच और नीतिगत पहल की मांग की है। श्री मिश्रा ने अपने पत्र में कहा है कि छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में बड़े पैमाने पर अवैध अफीम की खेती पकड़े जाने की घटनाएं यह भी साबित करती है कि प्रदेश की जमीन और जलवायु इस प्रकार की खेती के लिए अनुकूल हो सकती है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि यहां की परिस्थितियां इतनी अनुकूल है कि बड़े स्तर पर अफीम की खेती संभव है, तो फिर यह खेती केवल रसूखदार लोगों और सत्ता के संरक्षण में ही अवैध रूप से क्यों हो रही है?

### सुरगी में मनाया गया पीएम किसान उत्सव

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान



सम्मान निधि की 22वीं किस्त के तहत किसानों को 18650 करोड़ रुपए की सम्मान राशि का हस्तांतरण कार्यक्रम ''पीएम किसान उत्सव दिवस'' के रूप में 13 मार्च को असम, गुवाहाटी से जीवंत प्रसारण का कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी राजनांदगांव में आयोजित किया गया। भारत के लगभग 9.32 करोड़ किसानों के खाते में 18650 करोड़ रुपए ट्रांसफर किया गया। जबकि राजनांदगांव जिले में 1,02,738 किसानों को 20.74 करोड़ लाख रुपए हस्तांतरित किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के आसपास के लगभग 50 से 60 महिला एवं पुरूष कृषक उपस्थित हुए, जिन्होंने कार्यक्रम का जीवंत प्रसारण देखा एवं कृषि विज्ञान केन्द्र की गतिविधियों एवं जायद फसलों की वैज्ञानिक सस्य तकनीकी पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भुवन लाल, उमाबाई शामिल हुए। यह कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख इंजी. आरके स्वर्णकार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिसमें समस्त वैज्ञानिक एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### बैठक 14 को

**राजनांदगांव।** क्लब चौक हनुमान मंदिर के पास बसंतपुर भवन में कोसरिया यादव महासभा जिला राजनांदगांव की बैठक 14 मार्च को दोपहर 12 बजे से रखी गई है।

## निधन

### ओम प्रकाश शांडिल्य

**डोंगरगढ़।** भगत सिंह चौक



निवासी पूर्व ट्रस्टी मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के ओम प्रकाश शांडिल्य का स्वास्थगत कारणों से निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा कल 14 मार्च शनिवार को निज निवास से छिरपानी मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।

## गंडई शराब दुकान में ब्रांड की बोतलों में भरी जा रही सस्ती मदिरा!

# सरकारी संरक्षण में जहर परोसने का खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर के सरकारी देशी-विदेशी मदिरा दुकान में इन दिनों अंधेरगर्दी का आलम है। शासन के कड़े नियमों को ताक पर रखकर यहां मदिरा प्रेमियों की जेब और सेहत दोनों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। शिकायतों का अंबार लगा है कि बोतलों में सस्ती शराब की मिलावट कर बेची जा रही है। वहीं, वर्षों से एक ही स्थान पर जमे कर्मचारियों और कोचियों के बीच का मजबूत गठजोड़ नगर में अराजकता फैलने का मुख्य कारण बन गया है। पक्ष विपक्ष के कार्यकर्ता और आम जनता दबी जुबान में शराब दुकान की कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा कर रहे है कि इस ओर बड़ी कार्यवाही की आवश्यकता है, ताकि अराजकता फैलने से रोका जा सकें।

मदिरा प्रेमियों का आरोप है कि दुकान के अंदर बोतलों की सील से छेड़छाड़ कर महंगे ब्रांड में सस्ती शराब मिलाई जा रही है। दिनभर मेहनत कर थकान मिटाने के लिए आने वाला मजदूर वर्ग इस प्रकार के ठगी का सबसे बड़ा शिकार हो रहा है। न केवल मिलावट, बल्कि तय कीमत से अधिक वसूली की शिकायतें भी आम हो चुकी हैं।

### निरीक्षण का अभाव

हैरानी की बात यह है कि गंडई जैसे संवेदनशील क्षेत्र में आबकारी विभाग का न तो कोई कार्यालय है और न ही जिम्मेदार अधिकारियों की नियमित मॉनिटरिंग। नियमित निरीक्षण न होने का फायदा उठाकर शराब दुकान के कर्मचारी बेलगाम हो चुके हैं।



### सीसी टीवी पर भी उठने लगे सवाल

सूत्रों के अनुसार शास्कीय शराब दुकान में सीसी टीवी तो लगा है, पर क्या वे चालू है? क्या सीसीटीवी कैमेरा पूरे मदिरालय को कवर करते है? इस पर संशय की स्थिति है। अगर इस ओर उच्च स्तर पर जांच करवाया जाए तो कई राज खुल सकते है।

### गंदगी का अंबार

प्रतिदिन लाखों रुपये का व्यापार करने वाली इस दुकान के चारों ओर नरकीय स्थिति है। प्लास्टिक डिस्पोजल, पानी के पाउच और न सड़ने वाले कचरे का ढेर लगा है। सफाई के नाम पर विभाग मौन है, जिससे मदिरा प्रेमियों और राहगीरों को सांस लेना भी दूभर हो गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि विभाग को केवल राजस्व से सरोकार है, स्वच्छता और जन-सुविधा से नहीं।

### सालों से एक ही कुर्सी पर जमे कर्मचारी

सूत्रों की माने तो अराजकता की जड़ में वे अस्थाई कर्मचारी हैं जो लंबे समय से गंडई शराब दुकान में ही पदस्थ हैं। स्थानीय रसूख और कोचियों से सांठगांठ के चलते इन कर्मचारियों ने समानांतर व्यवस्था खड़ी कर ली है। टारगेट पूरा करने और निजी लालच में ये कर्मचारी बड़ी मात्रा में शराब, कोचियों को उपलब्ध करा रहे हैं, जिसके कारण गंडई सहित आस पास के गली-मोहल्लों में अवैध शराब का कारोबार धड़ल्ले से चल रही है। ग्रामीणों की मांग है कि इन कर्मचारियों का तत्काल अन्यत्र विस्थापन किया जाए।

### आंदोलन करेंगे

सरकारीकरण के बाद भी मिलावट और अधिक दाम वसूली की शिकायतें शर्मनाक हैं। गरीब मजदूर वर्ग ठगा जा रहा है। यदि विभाग ने तत्काल जांच कर अराजकता को समाप्त नहीं किया और दोषी कर्मचारियों पर कार्यवाही नहीं की, तो हम उच्च स्तर पर लिखित शिकायत कर आंदोलन करेंगे। - **शत्रुहन चंदेल,** ब्लॉक अध्यक्ष

## बाइक में शराब ले जाते पकड़ा गया

**राजनांदगांव।** बाइक में अवैध रूप से शराब ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपी से 50 पौवा अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक 12 मार्च को रात्रि करीबन 12 बजे थाना ठेलकाडीह पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोटर साइकिल बजाज पल्सर में अवैध रूप से अत्याधिक मात्रा में शराब बोरी में रखकर ग्राम मोहरा से ग्राम सिरसाही की ओर परिवहन करते आ रहा है। सूचना पर थाना ठेलकाडीह पुलिस द्वारा नाकाबंदी लगाया गया एवं मुखबीर सूचना के मुताबिक मोटर साइकिल बजाज पल्सर पर सवार व्यक्ति जो मोटर साइकिल के सामने कुछ सामान रखकर आते हुए दिखाई देने पर ग्राम सिरसाही पुराना पारा प्रवेश द्वार के पास रोका। नाम-पता पूछने पर अपना नाम धर्मेन्द्र वर्मा 25 साल साकिन ग्राम सिरसाही थाना ठेलकाडीह का रहने वाला बताया।

### 50 पौवा शराब जब्त

आरोपी के कब्जे में रखे एक हरा रंग की प्लास्टिक बोरी की तलाशी लेने पर बोरी अंदर 34 पौवा जम्मू स्पेशल व्हिस्की, 8 पौवा एमडी ब्लेंडेड व्हिस्की, 4 पौवा सेंडिकेट व्हिस्की, 2 पौवा आइकॉन प्रीमियम व्हिस्की, 1 पौवा बाचे टू गोवा व्हिस्की, 1 पौवा सुपर जिल्सन फाइन व्हिस्की अंग्रेजी शराब सीलबंद हालत में कुल 50 पौवा अंग्रेजी शराब कीमती 6000 रुपए मिला। आरोपी के कब्जे से उक्त शराब एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बजाज पल्सर को जब्त किया गया। आरोपी धर्मेन्द्र वर्मा 25 साल साकिन ग्राम सिरसाही के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## सनातन एकता यात्रा निकलेगी 18 को



**राजनांदगांव।** हिन्दू नववर्ष के अवसर पर पूर्व संध्या 18 मार्च को सनातन धर्म महासभा सर्व हिन्दू समाज द्वारा धूमधाम से सनातन एकता यात्रा बालाजी मंदिर पुरानी गंज लाईन से शाम 4 बजे निकलेगी। सनातन धर्म महासभा से छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक, जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, नवयुवक मंडल अध्यक्ष सौरव खंडेलवाल, महिला मंडल संरक्षक शारदा तिवारी, मौसमी शर्मा, सुषमा सिंह, ममता शर्मा व ममता सोनी ने बताया कि इस समय सनातन एकता यात्रा को राष्ट्रीयता से जोड़ा जा रहा है। जिसमें भगवान रामजी का वंदन करते हनुमान भव्य झांकी में दिखेंगे व 1500 फीट तिरंगे के साथ-साथ आदिवासी नृत्य, आदिवासी डाडियां, डीजे व धुमाल एवं गाजे-बाजे के साथ यह यात्रा बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर तिरंगा चौक, भारतमाता चौक, आजाद चौक, मानव मंदिर चौक, गांधी चौक, दुर्गा चौक, थाना चौक, सदर बाजार से होते हुए सनातन एकता यात्रा बालाजी मंदिर पुरानी गंज लाईन पहुंचेगी।

## प्रेस क्लब का चुनाव शबाब पर, कल मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रेस क्लब राजनांदगांव का चुनाव अब शबाब पर पहुंच चुका है। तीन पदों के लिए 10 प्रत्याशी मैदान में हैं। अध्यक्ष पद के लिए सीधी टक्कर है। कोषाध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी मैदान में हैं। जबकि सचिव पद के लिए सबसे ज्यादा पांच प्रत्याशी मैदान में हैं। नाम वापसी के अंतिम दिन आज शाम 5 बजे तक तीन पदों के लिए 7 प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस ले लिए।

निर्वाचन अधिकारी उमाकांत भारद्वाज ने बताया कि आज दोपहर 2 बजे तक नामांकन पत्र दाखिला और शाम 5 बजे तक नाम वापसी का मौका था और कुल सात लोगों ने विभिन्न पदों से अपनी दावेदारी वापस ले ली है। आज अध्यक्ष पद से अजय सोनी, ऋषि मिश्रा जग्गा, संजय सिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष पद से मनोज राठौर एवं दीपक कुमार साहू तथा सचिव पद से आलोक शर्मा एवं दीपक कुमार साहू ने अपने नाम वापस ले लिए हैं। अब अध्यक्ष पद के दावेदार के रूप में सचिन अग्रहरि एवं कमलेश स्वर्णकार,



कोषाध्यक्ष पद के दावेदार के रूप में बसंत शर्मा, रवि सिंह ठाकुर एवं प्रमोद कुमार शेंडे तथा सचिव पद के दावेदार के रूप में अनिल त्रिपाठी, विक्रम बाजपेई, योगेश शर्मा, सुरेंद्र गुप्ता एवं मनोज राठौर मैदान में हैं।

श्री भारद्वाज ने बताया कि चुनाव कार्य में अधिवक्ता मनोज चौधरी, विमल हाजरा, गुनेंद्र साव, खेमराज वर्मा, मनीष तिवारी, सुनीता वर्मा सहित अन्य का सहयोग मिल रहा है। उन्होंने बताया कि मतदान 15 मार्च को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक होगा। इसके बाद मतगणना होगी और परिणामों की घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया कि मतपत्र में नाम अल्फाबेटिक होंगे। उन्होंने बताया कि परिणामों की घोषणा होने के बाद विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र विपरीत किए जाएंगे।

## टीएस सिंहदेव ने भाजपा पर साधा निशाना

### अफीम की खेती और प्रशासनिक सक्रियता पर उठाया सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छत्तीसगढ़ के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव पूर्व सांसद व विधायक स्व. राजा देवव्रत सिंह के निवास पर आयोजित पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने जिपं सदस्य शताक्षी सिंह के आमंत्रण पर शहर पहुंचे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जालबांधा में उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान चालीस के आसपास लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता भी ग्रहण की।

पांडुका में कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता और देवव्रत सिंह के करीबी भागचंद पारख के घर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर परिजनों से मिले। शहर आते ही सबसे पहले उन्होंने दंतेश्वरी मंदिर और रुक्खड़ स्वामी मंदिर में भी दर्शन कर पूजा अर्चना की। बातचीत दौरान उन्होंने हल्के अंदाज में कहा कि शताक्षी अब बच्ची नहीं रही, समझदार हो गई है और बताया कि उनसे उनकी नियमित मुलाकात होती रहती है। श्री सिंहदेव ने प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में सामने आए अफीम खेती के मामलों को आश्चर्यजनक बताते हुए कहा कि दुर्ग जैसे क्षेत्र में ऐसी गतिविधियों का होना और प्रशासन को जानकारी न होना प्रशासनिक कमजोरी को दर्शाता है। उन्होंने सरगुजा अंचल के बलरामपुर जिले का जिक्र करते हुए कहा कि निगरानी की कमी और अधिकारियों की लापरवाही भी सामने आ रही है।



### जिम्मेदारी का आभाव

जय वीरू की जोड़ी पूर्व उप मुख्यमंत्री ने अफीम मामले को लेकर कहा कि शासन के जिम्मेदारों की जिम्मेदारी बनती है कि वो प्रशासन के काम काज को देखे परखे और उसके हिसाब से जन मन की बातों समस्याओं को निराकरण करें। अफीम की खेती करने वालों को संरक्षण मिलने की बात पर कहा कि यह जांच का विषय है इसलिए इस पर टिप्पणी करना ठीक नही है, लेकिन सत्ता सरकार में काबिज लोगों में जिम्मेदारी की कमी के चलते प्रदेश का वातावरण दूषित होता जा रहा है। राजनीतिक सवालों के बीच जब उनसे जय-वीरू की जोड़ी पर टिप्पणी मांगी गई तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा जय और वीरू की जोड़ी ने एक ही फिल्म में काम किया था, लेकिन उनके कलाकारों ने कई सुपरहिट फिल्में दी। 2018 में हमारी जोड़ी ने भी अच्छा काम किया, लेकिन गब्बर कौन था, यह कहना मुश्किल है। इस दौरान राजा देवव्रत सिंह, राजनांदगाव जिला अध्यक्ष विपिन यादव, लोकनाभ भारती, अशोक भंडारी, संध्या देशपांडे, लाल टाकेश्वर शाह खुसरो, नम्रता गिरीराज किशोर दास, देवराज किशोर दास, संजीव दुबे, कपिनाभ महोबिया, सुदीप श्रीवास्तव, ललित महोगिया, धीरज मेश्राम, अब्दुल रज्जाक खान, सुनीलकांत पांडेय, नीलेंद्र शर्मा, पदम कोठारी, आलोक यादव, पुरूषोत्तम वर्मा, जितेंद्र सिंह गौर, मनोज जैन, भीखमचंद छाजेड़, आकाशदीप सिंह, दयाराम पटेल, दिलीप लहरे, नित्यशरण सिंह सहित बड़ी संख्या में डोंगरगढ़, राजनांदगॉव, गंडई, छुईखदान, साल्हेवारा क्षेत्र के कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एलपीजी वितरकों व पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता और पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति को लेकर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में घरेलू एलपीजी गैस वितरकों व पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक में एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता, नियमित वितरण व दैनिक आवश्यकता की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को गैस सिलेंडरों की प्रतिदिन आवक व वितरण की सतत निगरानी सुनिश्चित करने कहा गया।

जिले में वर्तमान में 6 गैस एजेंसी और 34 पेट्रोल पंप हैं। कलेक्टर ने पंप संचालकों को पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल डीजल का स्टॉक रखने, स्वास्थ्य, पुलिस व अन्य शासकीय सेवाओं में लगे वाहनों के लिए आवश्यकतानुसार रिजर्व स्टॉक उपलब्ध रखने कहा साथ ही पेट्रोल व डीजल का वितरण केवल वाहनों के फ्यूल टैंक में ही करने कहा।

### घरेलू गैस का दुरूपयोग, सिलेंडर जब्त

घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक व अन्य दुरुपयोग को रोकने के लिए राजस्व, खाद्य विभाग व तेल कंपनियों के अधिकारियों की जिले में दो संयुक्त टीम गठित की गई है। खैरागढ़ की टीम में एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, तहसीलदार आशीष देवहारी, सहायक खाद्य अधिकारी संजय ठाकुर, विनोद कुमार सागर व मनीष ध्रुव सहित आईओसीएल के सेल्स ऑफिसर पंकज छितेजा को शामिल किया गया है। इसी प्रकार अनुभाग गंडई-छुईखदान की टीम में एसडीएम अविनाश ठाकुर, तहसीलदार मोक्षदा देवांगन, सहायक खाद्य अधिकारी दीपक धनकर, डालेश्वरी देवहारे व एचपीसीएल के सेल्स ऑफिसर मनोज मंडल को शामिल किया गया है। टीम द्वारा खैरागढ़ शहर सहित बाजार अतरिया क्षेत्र के विभिन्न होटल एवं रेस्टोरेंट परिसरों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान खैरागढ़ प्रियांशु ढाबा मे 2 नग, बीकानेर स्वीट्स मे 2 नग और बाजार अतरिया के यादव व कपूर होटल में दो-दो नग घरेलू सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करते पाए जाने पर द्रविभूति पेट्रोलियम नियमन आदेश 2000 के साथ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के उल्लंघन पर खाद्य विभाग की टीम के द्वारा जब्ती की कारवाई कर अग्रिम कार्रवाई तक मेसर्स शिवा इंडेन की सुपुर्दगी में रखा गया है।

बैठक में पीएम उज्ज्वला योजना 3.0 के तहत जिले को प्राप्त 5088 के लक्ष्य को शीघ्र पूरा करने का निर्देश कलेक्टर ने दिया। वर्तमान में 3889 आवेदनों का केवाईसी हो चुका है, जिनमें से 3330 एसवी जारी व 2531 हितग्राहियों को गैस कनेक्शन मिल गया है। इस दौरान अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक, सहायक खाद्य अधिकारी दीपक धनकर सहित संबंधित अधिकारी, गैस एजेंसी व पेट्रोल पंप संचालक उपस्थित थे।

## युगांतर स्कूल के शौर्य का एक्जाम में शानदार प्रदर्शन



**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल के छात्र शौर्य अग्रवाल कक्षा दसवीं ड ने आर्यभट्ट गणित चैलेंज एक्जाम में शानदार प्रदर्शन किया है। शौर्य ने सीबीएसई द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित परीक्षा में रायपुर रिजन में 100 शीर्ष विद्यार्थियों में स्थान बनाकर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। सीबीएसई ने अल हिलाल अहमद एसोसिएट प्रोफेसर एवं अपर निदेशक शैक्षणिक तथा डॉ. प्रज्ञा एम. सिंह प्रोफेसर एवं निदेशक शैक्षणिक का हस्ताक्षर किया हुआ सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया है। इसी तरह आन्वी शर्मा तथा तनीषी देवांगन ने भी इस प्रतिष्ठित एक्जाम में शानदार प्रदर्शन किया है। इन दोनों छात्राओं को भी सीबीएसई ने सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया है। इस संबंध में गणित के विभागाध्यक्ष ललित महोबिया ने बताया कि विद्यालय के प्राचार्य प्रतियोगी परीक्षा के लिए सदा जागरूक रहते हैं। शिक्षकों तथा बच्चों को सदा प्रोत्साहित करते रहते हैं। जिसके फलस्वरूप युगांतर के शिक्षकों व बच्चों ने काफी मेहनत की। आज उसका परिणाम सामने है कि युगांतर के बच्चे हर विधा, हर विषय में उत्कृष्ट रैंक प्राप्त कर रहे हैं। विद्यालय के बच्चों की इन प्रभावी उपलब्धियों पर बच्चों व पालकों में काफी खुशी है। उन्होंने युगांतर परिवार व प्रबंधन को उनके अथक मेहनत और परिश्रम के लिए साधुवाद ज्ञापित किया है। इन सभी एग्जाम्स के लिए बच्चों को विशेष रूप से अतिरिक्त कक्षा की व्यवस्था विद्यालय प्रबंधन द्वारा की गई थी। यही नहीं विद्यालय के शिक्षकों द्वारा इन विद्यार्थियों की इस परीक्षा की तैयारी भी विधिवत कराई गई। इन उपलब्धियों पर युगांतर की प्रबंध समिति ने प्रसन्नता प्रकट करते उत्कृष्टतम सुविधाएं हमेशा देने का वादा किया है। उन्होंने पालकों के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर तथा प्रबंध समिति ने विद्यार्थियों की इन उपलब्धियों पर गणित विभागाध्यक्ष ललित महोबिया सहित गणित के शिक्षकों तथा पालकों को बधाइयां दी है।

## बस लुढ़की, चपेट में आए युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक बस के पहिये में लगा पत्थर टूटने से बस लुढ़क कर दीवार से जा टकराया। इस दौरान इस घटना में बस की चपेट में युवक आ गया। जिससे उसे गंभीर चोंट आई और उसकी मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सुबह के समय एक बस उस समय लुढ़क गई, जब बस को रोकने के लिए पहिये में पत्थर रखा गया था। अचानक पत्थर टूट गया और बस लुढ़क गई और दीवार से टकरा गई। बताया गया कि इस दौरान बस की चपेट में भागीरथी साहू 27 वर्ष आ गया, जिसे गंभीर चोंटे आई थी। घायल को तत्काल उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इस खबर से आसपास के लोगो में सनसनी फैल गई थी। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

## कमला कॉलेज में धूमधाम से मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में आईक्यूएसी एवं महिला प्रकोप्ठ के संयुक्त तत्वाधान में अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन 9 मार्च को एसपी अंकिता शर्मा के आतिथ्य में किया गया। प्राचार्य डॉ. अंजली अवधिया ने अपने स्वागत उद्बोधन में छात्राओं एवं महिला प्राध्यापक-कर्मचारी को अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। आज का दिन उन महिलाओं को समर्पित है, जिन्होंने आर्थिक सामाजिक, राजनीतिक एवं खेल के क्षेत्र में उपलब्धियां प्राप्त की है। मुख्य अतिथि अंकिता शर्मा ने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने व आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि दृढ इच्छाशवित हो तो कोई भी काम मुश्किल नहीं होता एवं महिला-पुरूप में सिर्फ बायोलॉजीकल अंतर होता है। इसके अलावा महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरूप से कमजोर नहीं है। आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर महिलाओं का समाज में सम्मान होता है एवं घरेलू महिलाएं भी गृह उद्योग के कार्य जैसे आचार, पापड, बड़ी बनाना एवं सिलाई आदि कार्य करके आर्थिक रूप से परिवार को सहयोग प्रदान कर सकती है एवं आत्मनिर्भर हो सकती है। कार्यक्रम का संचालन करते



डॉ. नीता एस. नायर ने कहा कि आज भी दुनियाभर में महिलाएं पुरूषों की तुलना में कम वेतन एवं अधिकार पाती है। अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस हमें याद दिलाती है कि प्रगति हुई है, लेकिन मंजिल अभी दूर है। कार्यक्रम में डॉ. युगेश्वरी साहू, रामकुमारी धुर्वा, नीलम राम धनसाय, डॉ. मोना माखीजा उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में आईक्यूएसी के प्रभारी डॉ. बसंत कुमार सोनबेर, मुख्य अतिथि, प्राचार्य, महिला प्राध्यापक एवं छात्राओं को महिला दिवस की शुभकामना देते धन्यवाद ज्ञापित किया।

## शांतिभंग, दो पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** शांतिभंग करने वाले 2 व्यक्तियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत 13 मार्च को अनावेदक ओंकार 58 वर्ष और लेखराम 29 वर्ष दोनों सकिनान कविराज टोलागांव थाना लालबाग द्वारा गांव के लोगों से अनावश्यक वाद-विवाद कर शांतिभंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने से रोकने हेतु दोनों को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर पृथक से धारा 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर इस्तगासा तैयार कर न्यायालय जिला राजनांदगांव में पेश किया है।

## देर रात तक बजा डीजे, पुलिस ने की कार्रवाई

**राजनांदगांव।** तेज आवाज में देर रात तक डीजे बजाने वाले अनावेदक के विरुद्ध थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। जिससे 2 साऊंड बाक्स व 2 डीजे प्लेयर जब्त किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर तथा नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के मार्गदर्शन में वर्तमान समय में छात्र-छात्राओं की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन होने तथा बीमार एवं बुजुर्ग व्यक्तियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते निर्धारित समयावधि के पश्चात अत्याधिक तेज आवाज में डीजे बजाने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है।

### अनुमति नहीं थी

इसी क्रम में 12 मार्च को सूचना प्राप्त हुई कि आरके नगर चौक भवन में शादी समारोह का कार्यक्रम चल रहा है, जहां डीजे संचालक द्वारा निर्धारित समयावधि के पश्चात भी अत्याधिक तेज आवाज में देर रात तक डीजे बजाया जा रहा है। सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू पुलिस स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे तथा डीजे संचालक को वैध अनुमति संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु नोटिस दिया गया।

### साउंड सिस्टम जब्त

डीजे संचालक आकाश साहू द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया तथा लिखित में अनुमति न होना बताया गया, जिस पर उसके कब्जे से 2 नग साउंड बॉक्स एवं 2 नग डीजे प्लेयर जब्त कर अनावेदक आकाश साहू के विरुद्ध इस्तगाशा धारा 15, 16 कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई कर इस्तगाशा न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।


विभिन्न निर्माण कार्यों के
भूमिपूजन
कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का
हार्दिक अभिनंदन...
दिनांक : 14 मार्च 2026, समय : दोपहर 12 से 02 बजे तक
स्थान : योगा हॉल पुष्प वाटिका, राजनांदगांव (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### पिपरिया स्कूल में विदाई समारोह आयोजित



**हरिभूमि पिपरिया।** शासकीय प्राथमिक शाला पिपरिया में गत दिनों गुरूवार को कक्षा 5वी के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुरुआत मुख्य अतिथियो द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया, इस विदाई समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एनके शर्मा प्राचार्य पीएम श्री सेजेश पिपरिया, राजेन्द्र कुंभकार एसएमसी, श्रीमती जीबी सेन, गणेश झारिया थें। सभी अतिथियों का छात्राओ ने स्वागत गुलदस्ता भेंटकर किया गया। वहीं सभी विद्यार्थियों को जय मां बम्लेश्वरी स्व-सहायता समूह रसोइया प्राथमिक शाला पिपरिया के ओर से न्योता भोज कराया गया। जिसमें खीर-पूरी, केला, छोले-सब्जी तथा मिठाई खिलाया गया। साथ ही संस्था की ओर से कक्षा 5वी के बच्चों को टिफिन, बॉटल तथा श्रीमती जीबी सेन व अमन फोटो कॉपियर्स द्वारा सभी बच्चों को पेन उपहार के रूप में दिया गया। जिस पर प्राचार्य व सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन में बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। मंच संचालन राजकुमार बंजारे द्वारा किया गया। साथ में श्रीमती सूर्या नामदेव व शेखर चंद्रवंशी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन श्रीमती स्वाती शर्मा प्रधान पाठक पिपरिया के उद्बोधन के साथ किया।

### शासकीय प्राथमिक शाला बीजाझोरी में विदाई समारोह तथा न्योता भोज कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि बरबसपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला बीजाझोरी मे विगत दिनों कक्षा 5वी के छात्र छात्राओं के लिए विदाई समारोह का कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन एवं वंदना के साथ हुई। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक एवं शिक्षक ने विद्यार्थियों की तिलक लगाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। समरोह को संबोधित करते हुए शिक्षक ने कहा की प्राथमिक शिक्षा जीवन की आधारशिला है और यहां से प्राप्त संस्कार बच्चों को भविष्य की चुनौतियो के लिए तैयार करेंगे। कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओ ने शाला मे बिताए अपने अनुभव को साझा किया, विद्यार्थी द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई जिसे उपस्थित जनो ने खूब सराहना की। कार्यक्रम के अंत में शाला परिवार द्वारा विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं शैक्षणिक समाग्री भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक श्रीमती सीमा झा, सहायक शिक्षक श्रीमती यशोधरा धुर्वे एवं छात्र-छात्राएं एवं पालक गण उपस्थित थें।

### दौजरी में सामुदायिक भवन का नव-निर्माण



**हरिभूमि कवर्धा।** ग्राम दौजरी में 10 लाख रूपए की लागत से स्वीकृति सामुदायिक भवन का नव-निर्माण कार्य जोर-शोर से किया जा रहा है। जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत दौजरी में 10 लाख रूपए से स्वीकृत राशि मिलने के बाद ठेकेदार द्वारा सामुदायिक भवन का नव-निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जो वर्तमान में प्लास्टर का काम चल रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम दौजरी में सामुदायिक भवन का नवनिर्माण कार्य पूर्ण व रंग-रोगन होने के बाद सभी समाज और जन-समुदाय के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। जिससे ग्राम के रहवासियों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

### डड़सेना कलार समाज का सर्वसम्मति से पुनः जिलाध्यक्ष बने रूपेन्द्र जायसवाल



**हरिभूमि कवर्धा।** डड़सेना कलार समाज कबीरधाम की महत्वपूर्ण सामाजिक बैठक सामाजिक भवन कवर्धा में आयोजित की गई। बैठक में समाज के वरिष्ठजन, युवा साथी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित थें। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के इष्ट देव भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की आरती एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। बैठक में समाज के संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, सामाजिक एकता को बढ़ावा देने तथा समाज के विकासात्मक कार्यो को आगे बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान समाज के सक्रिय, कर्मठ एवं समाजहित में सदैव अग्रणी रहने वाले रूपेन्द्र जायसवाल को उनके पिछले पांच वर्षो के बेहतर एवं सफल कार्यकाल को देखते हुए सर्वसम्मति से पुनः डड़सेना कलार समाज कबीरधाम का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। उनके मनोनयन की घोषणा होते ही उपस्थित समाजजनों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया। समाजजनों ने विश्वास व्यक्त किया कि रूपेन्द्र जायसवाल के नेतृत्व में समाज को नई दिशा और मजबूती मिलेगी तथा सामाजिक एकता, शिक्षा, सहयोग और विकास के कार्यो को और गति मिलेगी। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों ने समाज को संगठित रखने, युवाओं को समाज सेवा से जोड़ने तथा जरूरतमंद समाजजनों की सहायता के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ वीपी जायसवाल, डॉ रामकुमार सिन्हा, गुलाब जायसवाल, गणेश, धनीराम, पूनाराम, सालिकराम, उमराव, आत्माराम, अवधराम, खेलूराम डड़सेना, गजेंद्र, रोहित, श्रवण, बद्री जायसवाल अमृत, दिवाकर, महेंद्र, दिनेश, प्रेम, विनोद, शेखर, लेखू, भीखम, रामगोपाल व शिवकुमार डड़सेना सहित समाज के अनेक पदाधिकारी, ग्राम प्रमुख एवं समाज जन उपस्थित थें।

### निधनः बजरहिन बाई साहू



**हरिभूमि कुण्डा।** ग्राम सेन्हाभाठा निवासी श्रीमती बजरहिन बाई साहू आयु 85 वर्ष का गुरुवार-शुक्रवार के मध्यरात्रि 1.30 बजे स्वास्थ्य गत कारणों से निधन हो गया, उनके निधन से क्षेत्र में शोक लहर व्याप्त है। स्व.श्रीमती बजरहीन बाई साहू शिक्षक नरेंद्र साहू एवं मण्डल अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा मण्डल कुण्डा एवं अध्यक्ष साहू समाज महली परिक्षेत्र रामेश्वर साहू के माता एवं जनपद अध्यक्ष पंडरिया नंदनी साहू की नानी थी। उनकी अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में परिजन ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी व जनप्रतिनिधि उपस्थित होकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# कवर्धा विधानसभा अंतर्गत स्वामित्व योजना से 400 ग्रामीणों को मिला जमीन का अधिकार

- प्रधानमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री की दूरदर्शिता का परिणाम: नितेश अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के जनपद पंचायत बोड़ला अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में स्वामित्व योजना के तहत भू-अधिकार पट्टा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम खिरसाली एवं घोंघा में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के जिला महामंत्री नितेश अग्रवाल ने आठ ग्रामों के लगभग 400 ग्रामीणों को भू-अधिकार पट्टा वितरित किया। इस अवसर पर नितेश अग्रवाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संवेदनशीलता और दूरदर्शी सोच के कारण स्वामित्व योजना के माध्यम से वर्षो से जमीन पर काबिज परिवारों को अब मालिकाना हक मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीणों को कानूनी अधिकार देने के साथ-साथ उन्हें आत्मविश्वास भी प्रदान कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से क्षेत्र के ग्रामीणों को उनके घर-जमीन का भू-अधिकार पत्र सौंपा जा रहा है, जिससे ग्रामवासियों को आसानी से उनका हक मिल सके और वे विधिवत भूस्वामी बन सकें। वही पट्टा प्राप्त करते ही ग्रामीणों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने सरकार तथा जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, जनपद पंचायत बोड़ला के उपाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थें।

### स्वामित्व योजना से ग्रामीणों को मिला नया भरोसा



स्वामित्व योजना के तहत भू-अधिकार पत्र मिलने से ग्रामीणों को अपनी जमीन पर कानूनी अधिकार मिला है। इससे न केवल जमीन संबंधी विवाद कम होंगे, बल्कि ग्रामीणों को बैंक से ऋण लेने सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में भी आसानी होगी।

## ग्रामीण व वनांचल क्षेत्र की शिक्षा पर जोर, भावना बोहरा ने बजट चर्चा में रखे पंडरिया विधानसभा के महत्वपूर्ण मुद्दे

# विधायक ने सदन में विद्यालय उन्नयन एवं शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ विधानसभा में स्कूल शिक्षा विभाग के बजट पर हुई चर्चा के दौरान पंडरिया विधानसभा विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने चर्चा में हिस्सा लेते हुए पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के समग्र विकास, विद्यालयों के उन्नयन और शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार, कन्या हाई स्कूल की स्थापना एवं विद्यालयों में छात्राओं के लिए शैचालयों की सुविधा सुदृढ़ करने की मांग सदन में रखा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए विद्यालयों के बुनियादी ढांचे तथा संसाधनों का सुदृढ़ीकरण निरंतर किया जा रहा है। परन्तु पंडरिया विधानसभा अंतर्गत ग्रामीण एवं वनांचल एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में विद्यालय भवनों के निर्माण, हाई स्कूल का हॉयर सेकेण्डरी में उन्नयन, नवीन शाला भवनों के निर्माण तथा विद्यालयों में छात्राओं हेतु जर्जर स्थिति में शौचालयों की मरम्मत और सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता है।

उन्होंने मांग की कि क्षेत्र के विद्यालयों के उन्नयन, छात्र-छात्राओं के लिए बेहतर आधारभूत सुविधाओं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बजट में विशेष प्रावधान किया जाए। इसके साथ ही भावना बोहरा ने क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों के विषय में भी प्रश्न किया। उन्होंने पंडरिया विधानसभा में पर्यटन स्थलों के विकास हेतु प्रश्न किया कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चिन्हित-विकसित पर्यटन स्थलों की संख्या कितनी है? वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कितने पर्यटन स्थलों के विकास, सौंदर्याकरण एवं संरक्षण के लिए कितनी राशि स्वीकृत एवं व्यय की गई है? क्या पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के वनांचल एवं आदिवासी क्षेत्र कुकदुर के ग्राम भैंसाउदार स्थित जल प्रपात को पर्यटन स्थल के रूप में चिन्हांकित किया गया है? यदि हां, तो इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने और उससे स्थानीय रोजगार सृजन करने के लिए क्या रूपरेखा बनाई गई है? जिसके लिखित उत्तर में पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने बताया कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के द्वारा एक पर्यटन स्थल पारस नगर बकेला चिन्हांकित किया गया है। वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चिन्हित पर्यटन स्थल के विकास, सौंदर्गीकरण एवं संरक्षण हेतु कोई राशि स्वीकृत नहीं की गई है। भैंसादार (भैंसाओदार) स्थित जल प्रपात को पर्यटन स्थल के रूप में चिन्हांकित नहीं किया गया है। नवीन पर्यटन स्थल चिन्हांकित करने हेतु जिला प्रशासन से निर्धारित प्रारुपों में प्रस्ताव मांगे गए है। प्रस्ताव प्राप्त होने पर निर्धारित मापदंडों के आधार पर मुल्यांकन कर नवीन पर्यटन स्थल चिन्हांकित किया जाना प्रस्तावित है। कबीरधाम में संचालित आजीविका एवं स्वरोजगार योजनाओं के सन्दर्भ में भावना बोहरा ने प्रश्न किया कि कबीरधाम जिले में विभाग द्वारा आदिवासी युवाओं एवं परिवारों के लिए वर्तमान में कौन-कौन सी आजीविका एवं स्वरोजगार योजनाएं संचालित हैं? वित्तीय वर्ष 2024-25 में इन योजनाओं के अंतर्गत जिले में कितने आदिवासी हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया? इन योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन एवं वित्तीय सहायता की क्या व्यवस्था की गई है? जिसके लिखित उत्तर में आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि आदिवासी युवाओं एवं परिवारों के स्वरोजगार के लिए वर्तमान में आदिवासी स्वरोजगार बैंक प्रवर्तित योजना, बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में निःशुल्क अध्ययन की सुविधा, हॉस्पिटालिटी एवं होटल मैनेजमेंट प्रशिक्षण, निःशुल्क वहां चालक प्रशिक्षण जैसे योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं के तहत पंडरिया विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 14 एवं कवार्धा विधानसभा अंतर्गत 29 इस प्रकार कुल 43 आदिवासी युवा लाभान्वित हुए हैं।

### पशु टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत टीकाकरण के विषय में प्रश्न किया



विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कबीरधाम में पशु टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत टीकाकरण के विषय में प्रश्न किया कि जिले में संचालित पशु टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत विगत दो वर्षो में कितने पशुओं का टीकाकरण किया गया है? क्या किसी ग्राम में समय पर टीकाकरण नहीं हो पाने से पशु रोगों का प्रकोप बढ़ने का प्रकरण सामने आया है, जिसके लिखित उत्तर में विभागीय मंत्री ने बताया कि कबीरधाम जिले में संचालित पशु टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2023-24 में 9,41,560 एवं 2024-25 में 11,43,168 पशुओं का टीकाकरण किया गया है। भविष्य में जिलें में पशु टीकाकरण का पूर्ण कवरेज सुनिश्चित करने हेतु विभाग द्वारा विभागीय संस्थाओं में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी तथा जिलें में सक्रिय पशुधन मित्र/मैत्री को सम्मिलित कर, टीकाकरण दल गठन। पूर्व निर्धारित रोस्टर अनुसार निर्धारित तिथि के पूर्व ग्राम में मुनादी कराकर एवं स्थानीय ग्राम पंचायतों एवं निकायों के सहयोग से शत-प्रतिशत टीकाकरण कवरेज सुनिश्चित करना तथा शिविरों के माध्यम से विभिन्न संक्रामक रोगों से बचाव व नियंत्रण के संबंध में जन-जागरूकता अभियान का संचालन करना है।

### नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 17 मार्च से





हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

धर्म नगरीय कुण्डा 17 से 25 मार्च तक से नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार मोनू मनहरण पाण्डेय के निज निवास में भाजपा मण्डल कुण्डा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पूर्व बूथ अध्यक्ष स्व. नकुल प्रसाद पाण्डेय के वार्षिक श्राद्ध पर नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इस नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ में प्रवक्ता पं नूतन शर्मा, परायणकर्ता पं शुभम शर्मा, संगीताचार्य पं अंकित शर्मा होंगे एवं परीक्षित श्रीमती वंदना घनश्याम दुबे विराजमान होगें। वहीं 17 मार्च मंगलवार को भागवत पूजा-वेदी स्थापना, 18 मार्च को कथा प्रारंभ हिरणयक्ष वध, 19 मार्च को भरत चरित्र, 20 मार्च को समुद्र मंथन कथा, 21 मार्च को कृष्ण जन्म एवं जन्मोत्सव, 22 मार्च को रूखमणि मंगल-विवाह, 23 मार्च को सुदामा चरित्र व 24 मार्च को भागवत चढ़ोत्तरी तथा 25 मार्च को वार्षिक पिण्ड परीक्षित मोक्ष भोज समापन गीतादान विसर्जन कर संपन्न किया जाएगा। वहीं कथा वाचक द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण दोपहर 02 बजे से हरि इच्छा तक भक्तजनों को कथा रसपान कराया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में कुण्डा सहित आसपास के भक्तजनों को कथा श्रवण पान करने अपील की गई।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती रश्मि शर्मा ने बच्चों के साथ देखी केरला 2.0 फिल्म



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता के उद्देश्य से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती रश्मि शर्मा ने महिला मंडल की टीम, स्कूली विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ केरला 2.0 फिल्म देखी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बच्चे एवं महिलाएं उपस्थित थें। फिल्म प्रदर्शन की यह विशेष व्यवस्था श्रीमती रश्मि शर्मा के मार्गदर्शन में की गई ताकि बच्चों और युवाओं को समाज से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ फिल्म देखी और सामाजिक संदेश को समझने का प्रयास किया। श्रीमती रश्मि शर्मा ने कहा कि आज के समय में बच्चों और युवाओं को सही दिशा और जागरूकता देना अत्यंत आवश्यक है। ऐसी फिल्में समाज में हो रही घटनाओं और परिस्थितियों को समझने का अवसर देती हैं तथा युवाओं को सचेत और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने आगे कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक विषयों की समझ भी होनी चाहिए। जब युवा पीढ़ी जागरूक होगी, तभी समाज और देश का भविष्य मजबूत बनेगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित बच्चों एवं महिला मंडल की सदस्यों ने इस पहल के लिए श्रीमती रश्मि शर्मा का आभार व्यक्त किया और इसे समाज में जागरूकता बढ़ाने की एक सराहनीय पहल बताया।

# हाई स्कूल को हॉयर सेकेंडरी में उन्नयन का अब भी इंतजार

## छात्र-छात्राओं को तय करनी पड़ती है 8 किलोमीटर की दूरी




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में स्थित हाई स्कूल को हॉयर सेकेंण्डरी में उन्नयन किए जाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार इस मांग को उठाया गया है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। हाल ही में गांव में आयोजित यज्ञ कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र की विधायक श्रीमती भावना बोहरा को भी इस समस्या से अवगत कराया। ग्रामवासियों का कहना है कि यदि कोलेगांव हाई स्कूल को हॉयर सेकेंण्डरी में उन्नत कर दिया जाए तो आसपास के कई गांवों के छात्र-छात्राओं को इसका लाभ मिलेगा।

वर्तमान में हॉयर सेकेंण्डरी की पढ़ाई के लिए छात्रों को लगभग 8 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से छात्राओं के लिए यह दूरी बड़ी समस्या बन जाती है। ग्रामीणों के अनुसार यदि कोलेगांव हाई स्कूल को हॉयर सेकेंण्डरी में उन्नत किया जाता है तो ग्राम सेमरकोना, अमली-मालगी, कुआंमालगी, धनेली, भगतपुर, रेहूटा, सूरजपुरा, बसनी और घोरपेंड्री सहित आसपास के कई गांवों के छात्र-छात्राओं को इसका सीधा लाभ मिलेगा। ग्रामवासियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि आने वाले शैक्षणिक सत्र में कोलेगांव हाई स्कूल को हॉयर सेकेंण्डरी में उन्नत किया जाए, ताकि गांव की बेटियां गांव में ही रहकर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा सार्थक हो सके।

### गन्ना खेती-किसानी को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि बरबसपुर।** ग्राम नाउडीह में गन्ना खेती पर एक महत्वपूर्ण किसान बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के कोल्हापुर एवं पुणे से आए कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को गन्ना उत्पादन की उन्नत तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को गन्ने की उन्नत किस्मों, संतुलित खाद प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा अधिक उत्पादन प्राप्त करने के उपायों के बारे में विस्तार से बताया। गन्ने में अधिक कल्ले कैसे बढ़ाए उसके लिए तकनीक भी बताया गया, उन्होंने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ के पदाधिकारीगण एवं क्षेत्र के अनेक किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थें और कृषि वैज्ञानिकों से गन्ना खेती से संबंधित अपने प्रश्नों के समाधान प्राप्त किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक खेती की जानकारी देकर उनकी आय बढ़ाने के लिए जागरूक करना था, ग्राम नाऊडीह में पुराने विधि 2, 2.6 फिट को छोड़कर अब किसान 4 फिट मे खेती कर रहा है, किसान रामप्रसाद वर्मा 6 एकड़ में, छवि वर्मा 4 एकड़ में, अजय वर्मा 6 एकड़ में, जगन्नाथ वर्मा 4 एकड़ में, रामधुन वर्मा 2 एकड़ में एवं अन्य किसान नाऊडीह मे औसतन अधिकतर, किसान 50 डिस्मील में 4/1/ मे पॉली बाग एवं 4 फिट में दो आंख वाले गन्ना लगा रहे है

### मनहरण साहू बने जिला साहू संघ के राजनीतिक प्रकोष्ठ संयोजक



**हरिभूमि कुण्डा।** मण्डल महामंत्री भाजपा मण्डल कुण्डा एवं सरपंच प्रतिनिधि अमलीमालगी मनहरण साहू जिला साहू को संघ जिला कबीरधाम के राजनीतिक प्रकोष्ठ के संयोजक नियुक्त किया गया। प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष नीरेंद्र साहू निर्देशानुसार जिला साहू संघ के जिला अध्यक्ष धरमराज साहू के अनुशंसा पर मनहरण साहू को जिला साहू संघ के राजनीतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नियुक्त किया। श्री साहू को समाज के प्रति समर्पण एवं निष्ठा व समाज हित कार्यों को देखते हुए ये संगठन में महत्पूर्ण जवाबदारी सौंपा गया है, उनके जिला साहू संघ के राजनीतिक प्रकोष्ठ संयोजक नियुक्ति होने पर ग्रामीण, मण्डल तहसील एवं जिला साहू संघ खुशी की लहर व्याप्त है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**गबन: पुलिस में लिखित विभागीय शिकायत के बाद भी दर्ज नहीं की गई एफआईआर**

# कवर्धा बिजली विभाग के कर्मचारी पर लाखों के गबन का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा में संचालित शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में करोड़ो के जनभागीदारी शुल्क घोटाले के बाद अब कवर्धा के ही विद्युत विभाग में 50 लाख रुपए से अधिक के गबन का बड़ा मामला सामने आया है। आरोप है कि विभाग के ही एक कर्मचारी ने उपभोक्ताओं से बिजली बिल की राशि वसूली, लेकिन उसे कंपनी के बैंक खाते में जमा नहीं कराया। हैरानी की बात यह है कि मामले में विभाग ने एक महीने पहले ही पुलिस को आवेदन देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी, लेकिन अब तक एफआईआर तक दर्ज नहीं हुई है। ऐसे में अब इस पूरे मामले को लेकर बिजली विभाग की निगरानी व्यवस्था और पुलिस कार्रवाई दोनों पर सवाल उठने लगे हैं। मामला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी के रवेली वितरण केन्द्र का है जहां पदस्थ कार्यालय सहायक श्रेणी-3 मनोज कुमार साहू पर उपभोक्ताओं से बिजली बिल की राशि वसूलकर उसे कंपनी के बैंक खाते में जमा न करने का आरोप है। विभागीय दस्तावेजों के अनुसार आरोपी कर्मचारी ने 07 जुलाई 2014 से 25 जनवरी 2023 के बीच उपभोक्ताओं से बिजली बिल की रकम वसूली, लेकिन उसका पूरा हिसाब कंपनी के बैंक खातों में जमा नहीं कराया गया। बताया जाता है कि इस बात की जानकारी विभागीय अधिकारियों को होने के बाद मामले की विभागीय जांच की गई। जांच के दौरान बैंक मिलान और लेखा परीक्षण में यह भी सामने आया कि कई मामलों में उपभोक्ताओं से राशि तो ली गई, लेकिन वह बैंक जमा के रिकॉर्ड से मेल नहीं खा रही थी। दस्तावेजों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020-21 में करीब 33 लाख 79 हजार 723 रुपए वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 14 लाख 63 हजार 239 रुपए और विशेष अभियान के दौरान करीब 4 लाख 92 हजार 111 रुपए की राशि का हिसाब नहीं मिल पाया है। इस तरह कुल मिलाकर 50 लाख रुपए से अधिक के गबन की आशंका जताई जा रही है।

### पिपरिया थाना में दर्ज कराई गई शिकायत




इस लाखों के खुलासे के बाद मामले को लेकर विभाग के सहायक अभियंता द्वारा पिपरिया थाना में लिखित आवेदन देकर आरोपी कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी। विभाग ने संबंधित कर्मचारी को निलंबित भी कर दिया है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि आवेदन दिए महीनेभर बीत जाने के बाद भी अब तक एफआईआर दर्ज नहीं हो पाई है और ना ही विभाग की जांच किसी नतीजे तक पहुंच पाई है।

**लिखित शिकायत प्राप्त हुई है, की जा रही मामले की जांच**

पावर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी की तरफ से शिकायत मिली है कि रवेली केन्द्र में अनियमितता की बात सामने आई है। मनोज साहू नाम के व्यक्ति के संबंध में थाने में शिकायत दी गई है। वितरण कंपनी से जांच रिपोर्ट मांगी गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी

**पुष्पेन्द्र बघेल, एएसपी कवर्धा**

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 14 मार्च को करेंगे गौधामों का वर्चुअल लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश में घुमंतू और निराश्रित पशुओं के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 14 मार्च 2026 को प्रदेश के विभिन्न गौधामों का वर्चुअल लोकार्पण होने जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम से गौधामों का लोकार्पण करेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय, कोनी, जिला बिलासपुर में आयोजित होगा, जहां से मुख्यमंत्री श्री साय प्रदेशभर में स्वीकृत गौधामों का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। कबीरधाम जिले में इस अवसर पर शहरी गौधाम (स्वर्ण जयंती गौधाम), 56 भोग चैपाटी के बाजू में लोहारा रोड स्थित परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कबीरधाम जिले में स्वीकृत 36 गौधामों के संचालन को लेकर समितियों के अध्यक्षों और सचिवों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने गौधामों में पशुधन के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि गौधामों में पशुओं के लिए शेड, चारा, स्वच्छ पेयजल और फेंसिंग की व्यवस्था समय पर पूर्ण की जाए, ताकि निराश्रित और घुमंतू पशुओं को सुरक्षित आश्रय मिल सके। उल्लेखनीय है कि गौ सेवा आयोग द्वारा प्रदेश में घुमंतू और निराश्रित पशुओं की बेहतर देखभाल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर गौधाम संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इस पहल से पशुधन संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर विचरण करने वाले पशुओं के लिए सुरक्षित व्यवस्था उपलब्ध होगी। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला स्तरीय गौधाम समिति सुखचैन चंद्रवंशी, सदस्य जिला स्तरीय गौधाम समिति मनोज सिंह ठाकुर, सत्यम शुक्ला, नीलकंठ चंद्रवंशी, राजकुमार यादव, अध्यक्ष विकासखंड स्तरीय गौधाम समिति कवर्धा विष्णु ठाकुर, लोहारा दीनाराम साहू, बोड़ला शंकर निषाद, पंडरिया नंदकुमार यादव सहित पशुपालन विभाग के समस्त अधिकारी, सभी नगरीय निकायों के सीएमओं उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप




### प्राथमिक व मिडिल स्कूल 16 मार्च से प्रातः पाली में

**कवर्धा।** जिले के प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं के संचालन समय में आगामी 16 मार्च से बदलाव किया गया है। अब ये सभी शालाएं प्रातः पाली में 7.30 से 11.30 बजे तक संचालित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने जिला प्रशासन के इस निर्णय का स्वागत किया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने वर्तमान में गर्मी के बढ़ते प्रकोप तथा पांचवी व आठवीं के केन्द्रीकृत परीक्षा में संकुल प्राचार्यों की भूमिका को दृष्टिगत रखते हुए जिले के हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूलों को भी प्रातः पाली में संचालित करने की मांग रखा है। एसोसिएशन ने इस विषय पर जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा से चर्चा कर राजनांदगांव, धमतरी आदि जिलों में प्राथमिक से लेकर उच्चतर माध्यमिक तक की शालाओं को 13 मार्च 2026 से प्रातः पाली में संचालित किए जाने का उदाहरण भी प्रस्तुत किया है। डीईओ ने इस पर शीघ्र ही निर्णय का भरोसा दिया है।

### केंद्राध्यक्षों को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश



**बोड़ला।** संकुल पालक, विकास खण्ड बोड़ला के अंतर्गत संकुल पालक में आज केंद्राध्यक्षों की आवश्यक बैठक रखी गई। जिसमें 5 वीं 8 वीं केंद्रीकृत वार्षिक परीक्षा हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया है। परीक्षा में समय से पेपर प्राप्त करना, समय में जमा करना,परीक्षा कक्ष में पानी, बिजली, बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करना, किसी भी हाल में कोई भी बच्चा परीक्षा से वंचित न रहें। इसका विशेष ध्यान रखें। पांचवीं की परीक्षा 16 मार्च से 25 मार्च तक एवं आठवीं की परीक्षा सत्रह मार्च से छः अप्रैल तक संपन्न होगी। परीक्षा भवन में ग्लूकोज, प्राथमिक उपचार कीट आवश्यक रूप से उपलब्ध रहे। संकुल प्राचार्य सोहन कुमार यादव द्वारा परीक्षा हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया। बैठक मंथ संकुल समन्वयक तीज राम विश्वकर्मा, प्रधान पाठक सुरतिया राम साहू एवं सभी केंद्राध्यक्ष उपस्थित थे।

# कवर्धा में भी रसोई गैस सिलेंडर की मारा मारी शुरू

## बुकिंग कार्यालय में लग रही उपभोक्ताओं की लम्बी कतारें




- सर्वर डाउन, उभोक्ताओं को उठानी पड़ रही भारी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासन-प्रशासन के तमाम दावों के बावजूद जिले के जिला मुख्यालय कवर्धा में रसोई गैस सिलेंडरों की उपलब्धता बाधित नजर आ रही है। इसकी एक बानगी शुक्रवार को जिले के एकता चौक स्थित इंडियन गैस बुकिंग कार्यालय में उपभोक्ताओं की लंबी कतारों के रूप में देखने को मिली। स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि वे सुबह से ही रसोई गैस सिलेंडर बुक कराने के लिए कतार में खड़े थे, लेकिन कार्यालय के कर्मचारियों ने उन्हें सर्वर डाउन होने का हवाला देकर बुकिंग करने से रोका। उपभोक्ताओं की शिकायत है कि कई लोग अपने केवाईसी अपडेट कराने के लिए भी पहुंचे थे, लेकिन तकनीकी समस्या के कारण उनकी बुकिंग भी नहीं हो पा रही थी। इससे नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कमी के साथ ही व्यवसायिक उपयोग के लिए गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने में भी दिक्कतें आ रही हैं। विशेष रूप से हॉटल संचालक, चाय दुकान संचालक और फूड वेंडर इस समस्या से सबसे अधिक प्रभावित हैं। उनका कहना है कि समय पर सिलेंडर नहीं मिलने से उनके रोजमर्रा के कामकाज पर असर पड़ रहा है और इससे उनके घरों की आर्थिक स्थिति पर भी विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। अगर समय पर हमें सिलेंडर नहीं मिला, तो हमारी रोजी-रोटी प्रभावित हो सकती है। उल्लेखनीय है कि रसोई गैस आपूर्ति की इस समस्या का असर केवल कवर्धा तक ही सीमित नहीं है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच चल रहे संघर्ष का असर अब देश के साथ-साथ स्थानीय बाजारों में भी दिखाई दे रहा है। अंतरराष्ट्रीय तेल और गैस आपूर्ति में व्यवधान के कारण स्थानीय स्तर पर गैस की किल्लत पैदा हो रही है। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि वे इस समस्या से निपटने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, उपभोक्ताओं का मानना है कि प्रशासन द्वारा उठाए गए कदम पर्याप्त नहीं हैं। कई लोग इसे तकनीकी असुविधा से अधिक गंभीर समस्या मान रहे हैं और शासन-प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि उन्हें उनके कोटे का गैस सिलेंडर समय पर उपलब्ध कराया जाए।

### प्रशासन द्वारा की जा रही है कार्रवाई

विशेषज्ञों का कहना है कि रसोई गैस की आपूर्ति में व्यवधान से घरेलू और व्यावसायिक दोनों स्तर पर आर्थिक गतिविधियों पर असर पड़ सकता है। इस समस्या का शीघ्र समाधान न होने पर उपभोक्ताओं के बीच नाराजगी बढ़ सकती है। इस बीच, प्रशासन और गैस कंपनी की ओर से समस्या का समाधान निकालने के लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। बुकिंग कार्यालयों में सर्वर की तकनीकी समस्याओं को जल्द से जल्द दुरुस्त करने और उपभोक्ताओं को उनके कोटे का सिलेंडर समय पर उपलब्ध कराने के उपाय किए जा रहे हैं। नागरिक इस बात पर निगाह बनाए हुए हैं कि शासन-प्रशासन इस गंभीर समस्या का समाधान कितनी जल्दी करता है। कुल मिलाकर, कवर्धा में रसोई गैस सिलेंडर की कमी ने उपभोक्ताओं और व्यवसायिक वर्ग दोनों के लिए चुनौती खड़ी कर दी है। आने वाले दिनों में प्रशासन की प्रतिक्रिया इस संकट को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# बोड़ला की 6.24 एकड़ शासकीय जमीन पर घमासान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

कवर्धा जिले के बोड़ला नगर में शासकीय भूमि आवंटन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। तहसीलदार न्यायालय बोड़ला द्वारा ग्राम बोड़ला पटवारी हल्का नंबर 24 की लगभग 6.24 एकड़ शासकीय भूमि एक संस्था को आवंटित करने के संबंध में जारी इश्तहार के बाद नगरवासियों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई है।

इस मामले में 12 मार्च 2026 को नगरवासियों ने तहसीलदार बोड़ला के समक्ष लिखित आवेदन देकर प्रस्तावित भूमि आवंटन का विरोध दर्ज कराया। आपत्ति पत्र में बताया गया है कि प्रस्तावित भूमि वर्तमान में नगर के सार्वजनिक उपयोग के वाचनालय (पुस्तकालय) परिसर के रूप में है, जो विद्यार्थियों और आम नागरिकों के अध्ययन के लिए महत्वपूर्ण स्थान होना था।

नगरवासियों ने कहा कि बोड़ला नगर पंचायत में पहले से ही जमीन की भारी कमी है। इसी कारण आज तक बस स्टैंड, सर्वसुविधा बाजार, जिमखाना और हॉकी स्टेडियम जैसी मूलभूत सुविधाएं विकसित नहीं हो पाई हैं। उन्होंने बताया कि जगह के अभाव में आईटीआई भवन और नवोदय विद्यालय जैसे महत्वपूर्ण संस्थान भी बोड़ला से बाहर अन्य स्थानों पर स्थापित किए गए। नगरवासियों ने कहा कि इसके बावजूद लगभग 6.30 एकड़ शासकीय भूमि एक संस्था को देने के लिए इश्तहार जारी कर दिया गया, जो नगर के भविष्य और सार्वजनिक हित के विपरीत है। उन्होंने बताया कि जैसे ही उन्होंने यह इश्तहार पढ़ा, उसी दिन लिखित आवेदन देकर इसका विरोध दर्ज कराया और 12 मार्च को पेशी के दौरान न्यायालय में उपस्थित होकर भी आपत्ति दर्ज कराई।

### जनप्रतिनिधियों पर साधा निशाना

नगरवासियों ने इस मुद्दे पर नगर के जनप्रतिनिधियों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत बोड़ला के भाजपा और कांग्रेस के नेताओं सहित चुने हुए जनप्रतिनिधियों को अपने पदों से इस्तीफा दे देना चाहिए, क्योंकि वे नगर की शासकीय जमीन को बचाने में असफल साबित हो रहे हैं और प्रशासन एक निजी संस्था को जमीन देने की प्रक्रिया आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित संस्था आरएसएस से जुड़ी हुई है, जो नगर के भीतर इतनी बड़ी जमीन प्राप्त करने की कोशिश कर रही है। नगरवासियों ने कहा कि इस मामले में कांग्रेस नेताओं की भी मौन सहमति दिखाई दे रही है और उन्होंने खुलकर विरोध नहीं किया है।

### आंदोलन की चेतावनी

नगरवासियों ने कहा कि उन्होंने इस प्रस्ताव के खिलाफ आधिकारिक रूप से आपत्ति दर्ज करा दी है। इसके बावजूद यदि प्रशासन द्वारा जमीन आवंटन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाती है, तो नगरवासियों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा।

### बोड़ला नगरवासियों ने रखी अपनी मांग

नगरवासियों का कहना है कि नगर में पहले से ही सार्वजनिक उपयोग की जमीन की कमी है, इसलिए इस भूमि को सुरक्षित रखा जाए। उनका कहना है कि यदि किसी संस्था को भूमि देना आवश्यक हो तो उसे नगर से बाहर किसी अन्य स्थान पर शासकीय भूमि उपलब्ध कराई जाए, ताकि भविष्य में नगर के विकास कार्यों के लिए पर्याप्त जमीन बची रह सके।

# भोरमदेव महोत्सव का आयोजन 17 मार्च को, तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले का प्रमुख सांस्कृतिक कार्यक्रम भोरमदेव महोत्सव आयोजित होने जा रहा है। भोरमदेव कॉरिडोर का निर्माण कार्य प्रगतिरत होने के कारण इस बार कार्यक्रम की रूपरेखा में थोड़ा बदलाव किया गया है, ताकि महोत्सव के आयोजन की परंपरा अनवरत जारी रहे।

महोत्सव स्थल को परिवर्तित करते हुए आयोजन बोड़ला रोड, ग्राम पंचायत छपरी में किया जा रहा है। महोत्सव का आयोजन 17 मार्च दिन मंगलवार को होने जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्य मंच, लाइटिंग, साउंड, कलाकारों के लिए ग्रीन रूम, दर्शक दीर्घा, पार्किंग स्थल की तैयारियों के लिए निर्देशित किया।

कार्यक्रम स्थल पर समुचित बैरिकेडिंग, पेयजल और अस्थायी शौचालय तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त संकेतक और पार्किंग में पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम लगाया जाए। कार्यक्रम स्थल और पहुंच मार्ग की साफ सफाई और व्यवस्थित तैयारी के लिए निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि जिन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसे निर्धारित समय सीमा में पूरा कर लिया जाए।

### चोवाराम बने किसान प्रकोष्ठ के संयोजक



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ (पंजीयन संख्या 33/61) ने एकीकृत नियमावली के अंतर्गत नए प्रकोष्ठों का गठन कर पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। इस नए प्रकोष्ठ गठन में कबीरधाम जिले को विशेष प्राथमिकता दी गई है। इसी क्रम मं जिले के युवा और सक्रिय नेता चोवाराम साहू को संयोजक, किसान प्रकोष्ठ के पद पर नियुक्त किया गया है। चोवाराम साहू विकासखंड स. लोहारा के ग्राम रक्से के निवासी हैं और एक किसान परिवार से ताल्लुख रखते हैं। इसके अलावा श्री साहू पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ तथा पूर्व अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ जिला साहू संघ कबीरधाम रह चुके हैं। समाज में उनकी सक्रिय भागीदारी, किसानों के बीच उनकी मजबूत पकड़ और सकारात्मक योगदान को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। इस नियुक्ति के बाद क्षेत्र के साहू समाज और किसान समुदाय में खुशी और उत्साह की लहर दौड़ गई है। समाज के लोगों ने उन्हें इस नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। नियुक्ति के बाद चोवाराम साहू ने कहा, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ ने जो दायित्व मुझे सौंपा है, मैं उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाऊँगा। मेरा प्रयास रहेगा कि समाज और किसान हित में हर संभव योगदान दिया जाए। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ की यह पहल जिले के किसानों और युवा नेताओं के लिए प्रेरणास्रोत बनी है और इसके माध्यम से समाज में नई सक्रियता और संगठनात्मक ताकत आने की उम्मीद है।

**आदर्श दलहन ग्राम योजना के तहत किसानों को दी गई उन्नत खेती की जानकारी**

# कोसमंदा में प्रक्षेत्र दिवस का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा द्वारा आदर्श दलहन ग्राम योजनांतर्गत ग्राम कोसमंदा में 11 मार्च को प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मसूर की उन्नत किस्म कोटा मसूर-4 का समूह प्रदर्शन किया गया तथा कृषकों को उन्नत बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना तथा देश में दलहन उत्पादन को बढ़ावा देना है। कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा द्वारा मॉडल पल्स विलेज कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत चयनित गांवों को दलहन उत्पादन के लिए मॉडल गांव के रूप में विकसित किया जा रहा है, ताकि उन्नत तकनीकों को अपनाकर अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सके तथा अन्य किसान भी प्रेरित हों। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीपी त्रिपाठी ने किसानों को चना, अरहर, मूंग, उड़द एवं मसूर जैसी दलहनी फसलों की आधुनिक खेती की तकनीकों के बारे में प्रशिक्षण दिया। उन्होंने उन्नत बीज, बीज उपचार, संतुलित उर्वरक उपयोग, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा सिंचाई प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी।




विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. बीएस परिहार ने बताया कि दलहन फसलें किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ मृदा की उर्वरता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, क्योंकि दलहनी पौधे मिट्टी में नाइट्रोजन स्थिरीकरण करते हैं, जिससे रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता कम होती है और खेती अधिक टिकाऊ बनती है।

उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत किसानों को प्रदर्शन प्लॉट भी दिए जाते हैं, जहां उन्नत तकनीकों का प्रयोग कर बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जाता है।

# 22 मार्च को महापरीक्षा, जिले के 17 हजार से अधिक शिक्षार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

आगामी 22 मार्च को उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत महा परीक्षा का आयोजन कबीरधाम जिले में होने जा रहा है। जिसमें जिले के 17 हजार 338 शिक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा ने जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के पूर्व परीक्षा केंद्रों में समस्त आवश्यक व्यवस्था पूर्ण कर ली जाए तथा शनिवार को बैगलेस डे के दिन गांव में स्कूली बच्चों के द्वारा रैली निकाली जाए, गांव में घर-घर संपर्क कर शिक्षार्थियों को महापरीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित किया जावे तथा एक दिन पूर्व मुनादी भी कराई जाए। जिला परियोजना अधिकारी देवराज सिंह ने बताया कि 22 मार्च की परीक्षा में 17 हजार 338 परीक्षार्थियों को सम्मिलित करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए 410 केंद्र बनाए गए हैं। समस्त ग्राम प्रभारी प्रधान पाठकों से सभी शिक्षार्थियों को सम्मिलित करने की अपील की। जिला नोडल अधिकारी अवधेश नंदन श्रीवास्तव ने बताया कि 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षरों का सर्वे कराया गया था। जिन्हें उक्त परीक्षा में सम्मिलित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवी शिक्षकों के द्वारा शिक्षार्थियों को पढ़ाया लिखाया जाता है। इस अभियान के तहत शिक्षार्थियों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान के अतिरिक्त डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, पर्यावरण साक्षरता एवं मतदान साक्षरता आदि पर भी साक्षर बनाने का लक्ष्य है।

